Four Laning of Vadodara Maharashtra National Highway-8

1303. SHRI VITHALBHAI M. PATEL : Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to refer to the answer to Unstarred Question 2900 given in the Rajya Sabha on 17th March, 1993 and state :

(a) whether any special funds have been earmarked for four laning of the Vadodara-Maharashtra National Highway-8.

(b) whether it is a fact that the traffic on Bombay-Vadodara-Ahmedabad National Highway No. 8 is many times more than the traffic criteria which justified four laning;

(c) whether it is a fact that the part of National Highway-8 has already been completed for four laning work;

(d) whether four laning of Bombay-Vadodara-Ahmedabad National Highwey-8 will be completed in the Eighth Five Year Plan;

(e) whether it is a fact that the Government of India have collected 25 crores as Toll on bridges in Gujarat and that it has not been allotted for National Highway works; and

(f) by when the money collected as Toll will be released for National Highways works?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) No, Sir.

(b) Yes, Sir.

(c) Yes, Sir.

(d) No, Sir.

(e) A sum of Rs. 2774.91 lakhs has been collectd as fee on permanent bridges on National Highways in Gujarat from 1980-81 to 1991-92. Out of this Rs. 702.71 lakhs has been released upto 1991-92. Besides, an amount of Rs. 232.42 lakhs has been reimbursed to Government of Gujarat against collection charges incurred by the State.

(f) the fee is credited to General Revenue of the government of India and release of balance amount will depend upon the resource position.

हिमाचल प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग का विकास

1304. **श्री महेश्वर सिंह** : क्या जल भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्हें इस बात की जानकारी है कि हाल ही में बाढ़ और भारी वर्षा के फलस्वरूप राष्ट्रीय राजमार्ग मंडी से मनाली तक स्थान-स्थान पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और ब्यास नदी के रूख बदल लेने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग को भूमि कटाव से जगह जगह पर निरंतर खतरा बना हुआ है;

(ख) यदि हां, तो कुल कितनी क्षति हुई है और इस मामले में क्षतिपूर्ति के लिए स्वीकृत और अब तक जारी की गयी राशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या हिमाचल प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने के लिए कोई प्राक्कलन या प्रस्ताव पेश किया है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है ?

जल भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) जी हां ।

(ख) कुल क्षतियों और इसके पुनर्नवीकरण के प्राक्कलनों के पूरे ब्यौरे राज्य सरकार से प्राप्त नहीं हुए हैं ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

इलाहाबाद में यमुना नदी पर पुल का निर्माण

1305. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या जल भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इलाहाबाद में यमुना नदी पर नए पुल के निर्माण से संबंधित परियोजना का ब्यौरा क्या है और यह परियोजना वर्तमान में किस चरण में है; और

(ख) निर्माण कार्य को कब तक शुरू किए जाने की संभावना है ?

जल भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) इस परियोजना के ब्यौरों को अभी अंतिम रूप दिया जाना है । यह प्रस्ताव लगभग 1140 मीटर लम्बे एक चार लेन के पुल के लिए है जिसकी लगभग 3.8 कि० मी० लम्बी सम्पर्क सड़कें होंगी और यह मौजूदा पुल से 1250 मीटर पीछे की ओर होगा । प्रस्तावित पुल का निर्माण सिद्धान्ततः अनुमोदित कर दिया गया है । यह परियोजना, ओवरसीज इकानामिक
को-आपरेशन फंड, जापान (ओईसीएफ) द्वारा वित्तपोषित किए जाने के लिए भी स्वीकार कर ली गयी है ।

(ख) चूंकि ओ ई सी एफ के साथ ऋण समझौते को अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है इसलिए निर्माण की समय सारणी के बारे में पता पाना अभी संभव नहीं है ।